प्रकरण ९ सेना में सेवा अवसर

सेना में सेवा देना देश के लिए बहुत ही महत्त्वपूर्ण, ईमानदारी तथा संतोषकारी अनुभव देने वाला होता है । सेना में भर्ती होने के तीन साधारण चरण हैं ।

१) १० वीं (S.S.C) परीक्षा उत्तीर्ण होने के बाद

२) १२ वीं (H.S.C) परीक्षा उत्तीर्ण होने के बाद

३) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उपाधि प्राप्त करने के बाद

सेना-सेवा में भर्ती के स्तर :

सेना में भर्ती होने के योग्यतानुसार विभिन्न स्तर होते हैं । वे स्तर निम्नानुसार हैं ।

(१) प्रथम श्रेणी वर्ग -१- सनदी अधिकारी

(२) द्वितीय श्रेणी वर्ग -२- अथवा ब गट (सनदी अधिकारी)

(३) तृतीय श्रेणी वर्ग -२- अथवा ब गट (बिना सनदी अधिकारी)

(४) चतुर्थ श्रेणी वर्ग -३- अथवा क गट

(५) पंचम श्रेणी अथवा ड वर्ग इसमें कुशल तथा अर्धकुशल मजदूरों (कामगारों/श्रमिकों) की भर्ती की जाती है ।

सेना में भर्ती के मूलभूत घटक

- **आयुमर्यादा - नियमों में दर्शाए अनुसार**
- **शारीरिक क्षमता/नियम के अनुसार ऊँचाई, वजन, छाती**
- **वैद्यकीय क्षमता- नियम के अनुसार**
- **शैक्षणिक क्षमता- नियम के अनुसार संकेत स्थलों का आवश्यकतानुसार प्रयोग कीजिए और अधिक जानकारी पाइए ।**

सेना तथा बलों में महिलाओं के लिए अवसर

○ **सैन्यबल :** विश्वविद्यालय की उपाधि प्राप्त करने के बाद सनदी अधिकारी के पद पर, प्रथम वर्ग सनदी अधिकारी पद पर नियुक्ति हो सकती है ।

○ **अर्द्ध सैनिक बल :** CRPF, BSF तथा ITBP में अधिकारी गृह तथा उसके निम्नस्तर पर जो गुट होते हैं, उसमें महिलाओं को अवसर प्राप्त होते हैं ।

आवेदन देने की पद्धतियाँ :

सेना में विभिन्न स्तरों पर विविध सेवाओं के लिए अलग-अलग (विविध) संकेत स्थल दिए हैं । उनका उपयोग कीजिए । वे संकेत स्थल निम्नलिखित हैं । –

(१) थलसेना	– http://www.joinindianarmy.nic.in
(२) नौसेना	– http://www.joinindiannavy.gov.in
(३) वायुसेना	– http://www.carrerairforce.nic.in
	– http://airmenselection.in
(४) सीमा सुरक्षा बल	– http://bsf.nic.in
(५) केंद्रीय आरक्षित पुलिस बल	– http://crpfnic.in
(६) इंडो-तिब्बत सीमा पुलिस	– http://recruitmentitbpolice.nic.in
(७) सशस्त्र सीमा बल	– http://www.ssb.nic.in
(८) केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल	– http://www.cisf.gov.in
(९) असम राइफल्स	– http://www.assamrifles.gov.in

इसके अलावा साप्ताहिक Employment News इस समाचार पत्र से जानकारी प्राप्त कीजिए ।

JCHU69